पंजाब केसरी 03/04/2026



रोजगार मेले के लिए पंजीकरण करवाते विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी। (चंदमोहन)

रोजगार मेले का विद्यार्थियों ने उठाया लाभ

अम्बाला, 2 अप्रैल (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में वीरवार को आयोजित भव्य रोजगार मेले का विद्यार्थियों ने खूब लाभ उठाया।

इस मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के सुनहरे अवसर प्रदान करना था। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह, ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। इस रोजगार मेले में 16 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मेले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से 560 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया था, जबकि ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन में 800 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मेजबान गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के अलावा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, अम्बाला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड रिसर्च, देवस्थलीय डॉ. बी.आर. आम्बेडकर कॉलेज, गवर्नमैंट पी.जी. कॉलेज, गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैंट, गुरु नानक खालसा कॉलेज, ईशरजोत कॉलेज फॉर वूमैन, मुकुंद लाल कॉलेज, महाराजा अग्रसैन कॉलेज तथा एम.डी.एस.डी. कॉलेज आदि शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी इस रोजगार मेले में भाग लिया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि ऐसे रोजगार मेले विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होते हैं, जहां उन्हें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे इस प्रकार के अवसरों का पूर्ण लाभ उठाएं, अपने कौशल का प्रभावी प्रदर्शन करें तथा आत्मविश्वास के साथ इंटरव्यू प्रक्रिया में भाग लें।